# छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा)
**शास्त्री चौक, रायपुर (छ0ग0) पिन– 492001**
**फोन नंबर :– 0771 – 4918927**
**Email - office.rera.cg@gov.in, website- https://rera.cgstate.gov.in/**


क्रमांक : 335/रेरा/लेखा/2026/1 रायपुर, दिनांक 10/03/2026

//सूचना//

विषय :– छत्तीसगढ़ भू–संपदा (विनियमन और विकास) नियम, 2017 में संशोधन बाबत् प्रस्ताव।

––00––

विषयांतर्गत छत्तीसगढ़ भू–संपदा (विनियमन और विकास) नियम, 2017 के नियम 9 में खण्ड (1) विक्रय अनुबंध के निर्धारित "परिशिष्ट –क" एवं नियम–14 में निम्नानुसार संशोधन किया जाना है –

| क्र. | पूर्व से प्रतिस्थपित | नियम में संशोधन हेतु प्रस्ताव | औचितय |
|---|---|---|---|
| 1 | नियम – 9 में (1) **विक्रय अनुबंध** के "परिशिष्ट –क" में नवीन कंडिका जोड़ा जाना है। | नियम 9 में खण्ड (1) **विक्रय अनुबंध** के "परिशिष्ट –क" {विक्रय के लिए करार} की कंडिका–ठ के पश्चात् कंडिका–ड निम्नालिखित जोड़ा जाये, अर्थात् :–<br>(ड) श्री/श्रीमान ....................(रेरा अभिकर्ता पंजीयन क्रमांक ..... ..........) ("अभिकर्ता") ने केवल आबंटी (Allottee) का प्रमोटर (Promoter) से परिचय कराया है और इसे इस समझौते की शर्तों या छत्तीसगढ़ रेरा (RERA) को प्रकट की गई स्वीकृत जानकारी से परे किसी भी प्रकार का आश्वासन देने वाला नहीं माना जाएगा। एजेंट को अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत विधिवत पंजीकृत होना आवश्यक है, वह आवंटी से किसी भी प्रकार की राशि एकत्रित नहीं करेगा (यहाँ सहमत दलाली/ब्रोकर कमीशन को छोड़कर) तथा कोई भी झूठा या भ्रामक वक्तव्य नहीं देगा।<br>प्रमोटर केवल रेरा पंजीकृत एजेंट को ही संलग्न करेगा और सटीक परियोजना विवरण संचार हेतु उपलब्ध कराएगा। आबंटी एजेंट के पंजीकरण का सत्यापन करेगा और केवल लिखित रूप से किए गए खुलासों पर भरोसा करेगा। एजेंट द्वारा किसी भी प्रकार की गलत बयानी की स्थिति में, आवंटी को कानून के तहत बिना इस समझौते के अंतर्गत अधिकारों को प्रभावित किए उपाय प्राप्त करने का अधिकार होगा। | कंडिका–ड जोडा जाना आवश्यक है, ताकि आबंटी, प्रमोटर, अभिकर्ता के मध्य पारदर्शिता सुनिश्चित रहे, साथ ही समझौते की शर्तें रेरा अधिनियमों के अनुरूप प्रकट हो सके। अभिकर्ता द्वारा आबंटी को भ्रामक वक्तव्य कर राशि प्राप्त ना कर सके तथा आबंटी एवं प्रमोटर के मध्य सीधा राशि हस्तांतरण हो सके। |
| 2 | नियम–14 **लेखा पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का संधारण एवं संरक्षण**– भू–संपदा अभिकर्ता, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के उपबंधों के अनुसार लेखा पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का संधारण एवं संरक्षण करेगा। | नियम–14 **लेखा पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का संधारण एवं संरक्षण**– भू–संपदा अभिकर्ता, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के उपबंधों के अनुसार लेखा पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का संधारण एवं संरक्षण करेगा।<br>भू–संपदा अभिकर्ता प्रतिवर्ष लेखा पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का विवरण परिशिष्ट–द (Annexure- D) में प्रेषित करेगा। | नियम में संशोधन आवश्यक है, ताकि अभिकर्ता द्वारा आबंटी/प्रमोटर से प्राप्त वित्तीय लेन–देन दलाली/ब्रोकर,कमीशन, विधि सम्मत हो, आय–व्यय की जानकारी उपलब्ध होने पर अनियमितता या धोखाधडी ना हो, अभिकर्ता एवं प्रमोटर के मध्य पारदर्शिता सुनिश्चित हो, अवैध वित्तीय लेन–देन पर नियंत्रण स्थापित हो। |

उक्त संशोधन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/फर्म/संस्था को कोई आपत्ति अथवा अभ्यावेदन प्रस्तुत करना हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपना अभिमत/आपत्ति लिखित रूप में छत्तीसगढ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों/अभ्यावेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण
छत्तीसगढ़, रायपुर

# सेंसेक्स 1,342 अंक टूटा, 5% तक और गिरकर संभल सकता है

**मुंबई** | शेयर बाजार में बुधवार को भारी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,342 अंक टूटकर 76,864 पर और निफ्टी 395 अंकों की गिरावट के साथ 23,867 पर बंद हुआ। इसके कई कारण रहे। मसलन, विदेशी संस्थाओं ने 4,673 करोड़ रुपए की भारी बिकवाली, ब्रेंट क्रूड कीमत में 4% तेजी और अमेरिका, इजराइल व ईरान के बीच तनाव कम होने की जगह बढ़ना। विश्लेषकों का मानना है कि ईरान युद्ध शुरू होने से अब तक भारतीय बाजार मोटे तौर पर 10% गिर चुके हैं। करीब 5% और गिरावट देखी जा सकती है। इसके बाद युद्ध के मोर्चे पर यदि कोई सकारात्मक खबर आती है तो बाजार में रिकवरी शुरू हो सकती है। टाटा एसेट मैनेजमेंट के चीफ इंवेस्टमेंट ऑफिसर (इक्विटी) राहुल सिंह ने कहा, 'कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से रुपया कमजोर होने लगा है। ये बाजार के सेंटीमेंट को प्रभावित कर रहा है। हालांकि अब बाजार का वैल्युएशन पहले के मुकाबले बेहतर दिख रहा है, क्योंकि निफ्टी लगभग 20 गुना आय के स्तर पर ट्रेड कर रहा है।'

# ट्रेंडः वैश्विक संकट के दौर में 52% तक गिरकर 1 साल बाद 83% तक रिकवर हो चुका है बाजार




भास्कर न्यूज़ | मुंबई

वैश्विक संकट और युद्ध के दौरान शेयर बाजार में भारी गिरावट आम बात है। तीन दशकों के आंकड़े दिखाते हैं कि बड़े संकट के दौर में निफ्टी 3% से 52% तक गिरा है। लेकिन अक्सर 1 साल के भीतर जोरदार वापसी होती रही है। वेल्दी रिसर्च के आंकड़ों के मुताबिक, 1990 के खाड़ी युद्ध के दौरान कच्चे तेल के दाम दोगुने हो गए थे। इसके चलते निफ्टी करीब 20% टूटा, पर अगले एक साल में ही 42% उछाल आया। 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट में गिरावट सबसे गहरी थी। बाजार आधे से ज्यादा टूट गया था। एक साल बाद करीब 76% रिकवरी देखी गई। 2003 के इराक युद्ध के दौरान भी बाजार ने पहले झटका झेला, फिर धीमे-धीमे संभल गया।

## 1990 से अब तक के आंकड़े...वैश्विक संकट के दौर में बाजार का 10-15% गिरना सामान्य

### दिलचस्पः क्रूड में उछाल के मुकाबले निफ्टी कम गिरता है, 2011 में बराबरी का था मामला

| संकट | साल | क्रूड में तेजी | निफ्टी टूटा | 1 साल बाद |
|---|---|---|---|---|
| खाड़ी युद्ध | 1990 | +100% | -20% | +42% |
| इराक युद्ध | 2003 | +35% | -3% | +83% |
| वित्तीय संकट | 2008 | +63% | -52% | +76% |
| अरब संघर्ष | 2011 | +25% | -25% | +28% |
| यूक्रेन युद्ध | 2022 | +80% | -15% | +22% |

(स्रोतः वेल्दी रिसर्च)

- जो संकट जितना विनाशकारी था, उसके थमते ही शेयर बाजार ने उतनी ही ताकत से पलटवार (उछाल) किया।
- 2022 के यूक्रेन युद्ध में रिकवरी सबसे कम 22% रही क्योंकि उस दौरान ब्याज दरें बढ़ने की मार पड़ी थी।

### नई चुनौतीः 3 माह में 6.6 लाख करोड़ के शेयर बाजार में आएंगे

युद्ध और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से जूझ रहे बाजार में एक और दबाव आने वाला है। नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट के मुताबिक, 88 कंपनियों के 6.6 लाख करोड़ रुपए के शेयर 11 मार्च से 29 जून के बीच लॉक-इन से मुक्त होंगे। इनमें अर्बन कंपनी के 66% और लेंसकार्ट के 60% शेयर शामिल हैं। इससे अतिरिक्त बिकवाली का दबाव बढ़ सकता है, खास तौर पर उन शेयरों पर जो पहले से इश्यू प्राइस से नीचे हैं। 2026 में लिस्ट दो-तिहाई आईपीओ डिस्काउंट पर हैं।

### टॉप-10 आईटी शेयरों में 84% उछाल का अनुमानः नुवामा

एआई से आय पर असर को लेकर चिंताओं के बावजूद नुवामा वेल्थ ने भारतीय आईटी सेक्टर पर भरोसा जताया है। ब्रोकरेज फर्म ने अपनी रिपोर्ट में टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक जैसे टॉप-10 आईटी शेयरों को 'बाय' रेटिंग दी है और इनमें 84% तक तेजी का अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जेनरेटिव एआई से छोटी अवधि में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। लेकिन मध्यम और लंबी अवधि में आईटी सेक्टर पूरी मजबूती से बाउंसबैक करेगा।

## कच्चा तेल अब 90-91 डॉलर पर स्थिर होता नजर आ रहा, बाजार के लिए ये अच्छा संकेत

**भास्कर एक्सपर्ट**

**श्रीकांत चौहान**
इक्विटी रिसर्च हेड, कोटक सिक्युरिटीज

- ऐसा लग रहा है कि ईरान युद्ध जल्द खत्म नहीं होगा। दिक्कत ये है कि इजराइल के लक्ष्य अलग हैं, जबकि अमेरिका के अलग। इसके अलावा खाड़ी के लगभग सभी देश इस संघर्ष से जुड़ते जा रहे हैं। ये सबसे बड़ा रिस्क है।
- यदि रूस-यूक्रेन युद्ध छोड़ दें तो हाल के दशकों के ज्यादातर संघर्ष 30-40 दिन में खत्म हो गए हैं। पर इस बार ऐसा होता नहीं दिख रहा।
- ईरान युद्ध 40 दिन से लंबा खिंच सकता है। ये बड़ा जोखिम है। इसे देखते हुए शेयर बाजार में गिरावट जारी रह सकती है।
- अच्छी बात ये है कि अभी कच्चा तेल 90-91 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर होता नजर आ रहा है। यदि यह मौजूदा लेवल पर स्थिर रहा तो सेंसेक्स करीब 5% और गिरकर संभलता नजर आएगा। उसके बाद रिटेल निवेशकों के लिए शेयर बाजार में नया निवेश शुरू करने का अच्छा मौका होगा।

# प्राइमरी मार्केट • वैल्युएशन में अनुशासन बरतना जरूरीः बाजार नियामक

# एआईएफ के सपोर्ट से चलने वाली कंपनियों के आईपीओ प्रमोटरों का एग्जिट गेट न बनेंः सेबी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहीन कांत पांडेय ने अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) से अपने निवेश के वैल्युएशन में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में एआईएफ द्वारा समर्थित कंपनियों के प्रमोटर आईपीओ के जरिये बाहर (एग्जिट) हुए हैं। ऐसे में सही और निष्पक्ष वैल्युएशन बेहद अहम हो जाता है। पांडेय के मुताबिक कई एआईएफ ऐसे स्टार्टअप और आसानी से न बिकने वाले एसेट्स में निवेश करते हैं जो आगे चलकर पूंजी बाजार में लिस्ट होने की तैयारी करते हैं। अगर इन निवेशों का मूल्यांकन पारदर्शी और मजबूत प्रक्रिया से नहीं किया गया तो इससे निवेशकों के भरोसे पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि एआईएफ उन कंपनियों में बेहतर कॉरपोरेट गवर्नेंस स्थापित करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं जो भविष्य में शेयर बाजार में लिस्टेड होंगी।

**एआईएफ स्कीम्स के लिए 'लॉज एंड लॉन्च' पर विचारः** सेबी प्रमुख ने कहा कि नियामक कुछ एआईएफ स्कीम्स के लिए 'लॉज एंड लॉन्च' मॉडल पर भी विचार कर रहा है। इससे फंड लॉन्चिंग की प्रक्रिया तेज होगी और निवेश जुटाना आसान हो जाएगा। पांडेय एआईएफ से हेल्थ केयर, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन और टिकाऊ बुनियादी ढांचे जैसे सेक्टरों में निवेश बढ़ाने का आग्रह किया गया है।

# संकट • कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से प्रमुख पॉलिमर महंगे हुए, असर पूरी सप्लाई चेन पर

# ईरान युद्ध के कारण पैकेजिंग लागत 20% तक बढ़ी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

ईरान युद्ध के कारण उपजे भू-राजनैतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी का असर अब भारतीय पैकेजिंग उद्योग पर दिखने लगा है। प्रमुख पॉलिमर महंगे होने से कई कैटेगरी में पैकेजिंग लागत हाल के दिनों में 20% से ज्यादा बढ़ गई है। पॉलीएथलिन (पीई) और पॉलिप्रोपिलीन (पीपी) जैसे पॉलिमर के दाम बढ़ना इसकी मुख्य वजह है। ये दोनों पेट्रोकेमिकल से बनते हैं और फ्लेक्सिबल व रिजिड प्लास्टिक पैकेजिंग में व्यापक रूप से इस्तेमाल होते हैं। इन उत्पादों की बढ़ती कीमतों ने पूरी सप्लाई चेन पर भी पड़ रहा है। इससे न केवल इनपुट कॉस्ट बढ़ी है, बल्कि कच्चे माल की उपलब्धता भी अनिश्चित हो गई है। वहीं डिलीवरी टाइमलाइन भी लंबी होने लगी है। जानकारों के अनुसार, यह संकट अगले कुछ महीनों तक बना रह सकता है। इसे देखते हुए कंपनियां अपनी रणनीति में बदलाव कर रही हैं ताकि बाजार में उनके प्रोडक्ट्स की उपलब्धता बनी रहे।

**भास्कर नॉलेज**

### एफएमसीजी प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ने की आशंका

एलारा कैपिटल के एसवीपी करण तौरानी के मुताबिक, एफएमसीजी कंपनियों की लागत में पैकेजिंग की हिस्सेदारी 5-10% होती है। आमतौर पर जोमैटो, स्विगी जैसी फूड टेक कंपनियों के हर ऑर्डर में 5-10 रुपए तक पैकेजिंग लागत जोड़ती है। कच्चे तेल की कीमतें स्थिर नहीं हुईं तो बोझ ग्राहकों पर पड़ सकता है। इससे उत्पादों के रिटेल दाम बढ़ सकते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 1.7 फीसदी घटी

**मुंबई**| अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 87 डॉलर यानी 1.66% घटकर 5,155 डॉलर प्रति आउंस रह गई। चांदी का भाव भी 5 डॉलर कम होकर 84.55 डॉलर पर आ गई। गिरावट की मुख्य वजह अमेरिकी डॉलर इंडेक्स का 99.42 पर मजबूत होना रहा, जिससे डॉलर में ट्रेड होने वाली धातुओं के दाम घट गए। हालांकि तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। मध्य-पूर्व में युद्ध के 12वें दिन भी हमले जारी हैं। ईरान ने होर्मुज जलमार्ग में एक थाई मालवाहक जहाज को निशाना बनाया और दुबई एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले हुए। इससे मार्च में अब तक कच्चे तेल के बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड के दाम 26% बढ़ चुके हैं। ऐसे में महंगाई बढ़ने की आशंका से सोने-चांदी की कीमतें बढ़ सकती हैं। उधर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड की बैठक में ब्याज दरें स्थिर रहने की उम्मीद है और सितंबर से पहले कटौती की संभावना कम है। इससे सोने में फिर तेजी शुरू हो सकती है।

**भारत में सोना स्थिर, लेकिन चांदी 4,900 रुपए सस्तीः** देशभर के सराफा बाजारों में सोने की औसत कीमत 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रही। मंगलवार को भी दाम लगभग इतने ही थे। लेकिन चांदी और कीमत 4,934 रुपए घटकर 2.66 लाख रुपए प्रति किलो रह गई।

## तेल महंगा, अप्रैल में 5% तक महंगे हो सकते हैं पेंट

**नई दिल्ली** | कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहने पर देश में पेंट की कीमतें अप्रैल में 2-5% बढ़ सकती हैं। सिस्टमेटिक्स रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यदि क्रूड मौजूदा स्तर (91 डॉलर प्रति बैरल) पर बना रहता है तो कंपनियां कीमतें बढ़ाने पर विचार कर सकती हैं।

## जैकेट व पेज 1 के शेष

### 25 साल में 8 उच्च शिक्षा मंत्री वादे करते रह ...

**कॉलेजों की संख्या बढ़ाते गए, लेकिन नियमित फैकल्टी पर ध्यान नहीं** :प्रदेश में शासकीय कॉलेजों की संख्या साल दर साल बढ़ती गई, उसकी तुलना में नियमित फैकल्टी की संख्या कम है। अभी राज्य में 335 शासकीय कॉलेज हैं। जबकि 2008-09 में 154 कॉलेज हैं। 10 साल में यानी 2018-19 तक 100 नए कॉलेज बने और संख्या 254 हो गई। इसके बाद 2024-25 तक 81 और कॉलेज खुल गए। इनकी तुलना में यदि प्रोफेसर की बात करें तो सीधी भर्ती में कुल स्वीकृत पद 779 हैं, यह सभी खाली है।

### सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत...

साथ ही, सभी हाईकोर्ट्स से अपने राज्यों के न्यायिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश देने को कहा कि जब प्राइमरी और सेकंडरी मेडिकल बोर्ड लाइफ सपोर्ट हटाने पर सहमत हों, तो अस्पतालों से सूचना प्राप्त करें।

### सदन में बोलने के समय राहुल विदेश में होते हैं...

मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। विपक्ष की टोकाटाकी और नारेबाजी के बीच शाह ने 56 मिनट के भाषण में आंकड़ों के जरिए बताया कि 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। 18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला।

### NCERT: भ्रष्टाचार का चैप्टर फिर लिखा; सुप्रीम ...

कोर्ट ने केंद्र को विशेषज्ञों की समिति बनाने का निर्देश दिया, जिसमें एक पूर्व जज, एक शिक्षाविद और एक प्रसिद्ध विधि विशेषज्ञ रहे। कोर्ट ने कहा, 'यदि अध्याय-4 दोबारा लिखा गया है तो भी तब तक प्रकाशित नहीं होगा, जब तक विशेषज्ञों की समिति उसे मंजूरी नहीं देती।' सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भरोसा दिलाया कि उच्चस्तरीय समिति की समीक्षा के बिना ये अध्याय दोबारा प्रकाशित नहीं होगा।

### झारखंड में अफीम के खेत पकड़े तो छत्तीसगढ़...

ग्रामीणों ने भास्कर की टीम को बताया कि झारखंड से आए चौकीदार कुछ लोगों के संपर्क में थे और वे मजदूरों को बुलवाते थे। वे कम उम्र के लोगों से मजदूरी करवाते थे। बदले में उन्हें एक दिन के 300 रुपए मजदूरी देते थे। एक ग्रामीण ने बताया कि उसका बेटा रामपाल और नेहरू कुछ दिन खेत पर मजदूरी किए हैं। वहीं एक लड़की जो 13–14 साल की है, वह भी अफीम के खेत में काम करने जाती थी। एक दिन वह अचानक गायब हो गई। फिर पता चला कि वह अफीम के खेत के ही एक चौकीदार के पास है। फिर यह मालूम हुआ कि उसे चौकीदार भगाकर रांची ले गया है। वहां आरपीएफ ने संदेह के आधार पर चौकीदार और लड़की से पूछताछ की। चौकीदार वहां से भाग गया। लड़की ने फोन पर अपने पिता को इस बारे में बताया। पिता उसे गांव लेकर पहुंचे और पंचायत बैठी। इसमें ग्रामीणों ने अजीबोगरीब खेती की बात भी बताई। इसी बीच दुर्ग में अफीम की खेती का खुलासा हुआ तो सोशल मीडिया में लोगों ने डोडे की फोटो देखा और बात खुल गई।

### 10 साल बाद रायपुर में IPL, क्रिकेट संघ को मैच...

क्रिकेट संघ के अधिकारियों के अनुसार आईपीएल मैचों में राज्य संघ की भूमिका मुख्य रूप से स्टेडियम उपलब्ध कराने, पिच तैयार करने और लोकल सपोर्ट स्टाफ देने तक सीमित रहती है। इसके बदले बीसीसीआई से प्रति मैच लगभग 60 लाख रुपए की होस्टिंग फीस मिलती है। इस हिसाब से रायपुर में होने वाले दो मैचों के लिए करीब 1.2 करोड़ रुपए की फीस मिलने का अनुमान है। हालांकि इस रकम का बड़ा हिस्सा ग्राउंड मेंटेनेंस, सिक्योरिटी, स्टाफ और लॉजिस्टिक्स पर खर्च हो जाता है। दूसरी ओर आईपीएल मैचों का सबसे बड़ा आर्थिक फायदा शहर के व्यापार और सर्विस सेक्टर को होता है। टीम, ब्रॉडकास्ट क्रू, स्पॉन्सर और फैंस के आने से होटल, रेस्टोरेंट, ट्रांसपोर्ट और इवेंट कंपनियों की मांग बढ़ जाती है।

| होटल कैटेगरी | सामान्य किराया | IPL के दौरान |
|---|---|---|
| 5 स्टार, | 7–10 हजार, | 12–18 हजार |
| बिजनेस होटल, | 3–5 हजार | 6–8 हजार |
| बजट होटल, | 1200–2000 | 2500–4000 |

**- मैच के दौरान 30% से 100% तक किराया बढ़ सकता है**

## बिजनेस प्लस

### सुमीत बाजार के विमेंस डे सेलिब्रेशन ऑफर का आज अंतिम दिन

**रायपुर** | इंटरनेशनल विमेंस डे के अवसर पर छत्तीसगढ़ के अग्रणी रिटेल ब्रांड सुमीत बाजार द्वारा शुरू किया गया विमेंस डे सेलिब्रेशन ऑफर 12 मार्च को समाप्त हो रहा है। ऑफर के अंतिम दिन ग्राहकों को आकर्षक और उपयोगी उत्पाद बेहद किफायती कीमतों पर खरीदने का मौका मिलेगा। इस विशेष ऑफर के तहत ब्रांडेड प्रीमियम उत्पादों पर भारी छूट दी जा रही है। 11,999 रुपए एमआरपी वाला 24 इंच का प्रीमियम ट्रैवल सूटकेस मात्र 1,999 रुपए में उपलब्ध है। वहीं 9,999 रुपए एमआरपी का प्रीमियम चार पीस ट्रैवल कॉम्बो सेट सिर्फ 1,699 रुपए में मिल रहा है। इसके अलावा 2,499 रुपए एमआरपी वाला ब्रांडेड कॉलेज व ऑफिस उपयोगी बैगपैक केवल 399 रुपए में उपलब्ध है। किंग साइज डबल बेडशीट सेट, जिसकी एमआरपी 1,899 रुपए है, उसे मात्र 499 रुपए में खरीदा जा सकता है। साथ ही ड्रीमलाइन माइक्रो फाइबर डिशमैट (एमआरपी 159 रुपए) विशेष ऑफर में सिर्फ 9 रुपए में दिया जा रहा है। सुमीत बाजार प्रबंधन के अनुसार यह ऑफर महिलाओं के सम्मान और ग्राहकों को किफायती खरीदारी का अवसर देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

### जीके इलेक्ट्रिक और लोक सुविधा के बीच हुआ एमओयू साइन

**रायपुर** | थ्री व्हीलर ई-व्हीकल निर्माता कंपनी जीके इलेक्ट्रिक ने अपने ई-पैसेंजर एवं ई-कार्गो वाहनों के लिए फाइनेंसिंग सुविधा को सशक्त बनाने के लिए लोक सुविधा के साथ एक रणनीतिक साझेदारी (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग के तहत लोक सुविधा, जीके इलेक्ट्रिक के ग्राहकों को सरल और पारदर्शी फाइनेंस समाधान प्रदान करेगी, जिससे अधिक से अधिक ग्राहक और उद्यमी ई-मोबिलिटी को अपनाने में सक्षम हो सकेंगे। एमओयू



साइनिंग पर जीके इलेक्ट्रिक के डायरेक्टर अमर परवानी, पुनीत परवानी एवं टीम उपस्थित रही। लोक सुविधा की ओर से निमिष लड्डा, फाउंडर एंड सीईओ मौजूद रहे।

## हेल्थ प्लस

### डाइट में सुधार से किडनी को रखें स्वस्थः डॉ. नमन पाठक

**रायपुर** | किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो रोजाना शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने, तरल



संतुलन बनाए रखने और रक्तचाप को नियंत्रित करने का काम करती है। लेकिन किडनी की बीमारियां अक्सर बिना लक्षण के धीरे-धीरे विकसित होती हैं और अधिकतर मामलों में तब पता चलती हैं जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। इट्सा हॉस्पिटल्स के विशेषज्ञ डॉ. नमन महेश पाठक के अनुसार किडनी रोग के दो प्रमुख कारण डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर हैं। यदि इन स्थितियों को सही जीवनशैली और संतुलित खान-पान के जरिए नियंत्रित किया जाए तो किडनी को होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका या धीमा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि किडनी की सुरक्षा की शुरुआत हमारी रोजमर्रा की डाइट से होती है। कई खाद्य पदार्थों में छिपी हुई चीनी, अस्वस्थ वसा और अधिक सोडियम मौजूद होता है, जो समय के साथ किडनी पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। इसलिए प्रोसेस्ड फूड की जगह ताजा भोजन चुनना, फूड लेबल पढ़ना और नमक का सेवन कम करना जरूरी है। डॉ. पाठक ने कहा कि सोडा और मीठे पेय पदार्थों में पोषण नहीं होता, लेकिन इनमें अधिक चीनी और खाली कैलोरी होती है, जो मेटाबॉलिक सिंड्रोम और किडनी रोग का खतरा बढ़ा सकती है। इसी तरह प्रोसेस्ड मीट, फ्रोजन और रेडी-टू-ईट फूड में अधिक सोडियम और प्रिजर्वेटिव होते हैं। उन्होंने सलाह दी कि स्वस्थ किडनी के लिए संतुलित आहार अपनाएं, ताजे फल-सब्जियां खाएं और नमक व प्रोसेस्ड फूड का सेवन कम करें।

## एजुकेशन प्लस

### विकसित भारत के लिए वैश्विक वैज्ञानिक कल्याण पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**रायपुर** | मैट्स विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की ओर से 11 और 12 मार्च को पंडरी स्थित इंपैक्ट सेंटर में 'विकसित भारत के लिए वैश्विक वैज्ञानिक कल्याण' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनोज दयाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता मैट्स विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी यादव ने की। मनोज दयाल ने वैज्ञानिक योगदान और वैज्ञानिक सोच के बीच अंतर बताते हुए शिक्षा में अंतःविषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता बताई। कुलपति केपी यादव ने भारतीय ज्ञान प्रणाली और वसुधैव कुटुंबकम के मूल्यों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन संयोजक व



विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. आशीष सराफ ने बताया कि यह आयोजन अनुसंधान, नवाचार और सामाजिक विकास में विज्ञान की भूमिका पर केंद्रित है। कार्यक्रम कुलाधिपति गजराज पगारिया और महानिदेशक प्रियेश पगारिया के संरक्षण में आयोजित हो रहा है। तकनीकी सत्र में प्रो. केके शुक्ला और प्रो. डॉ. सुनीता साहू ने व्याख्यान दिए, जबकि दूसरे दिन प्रो. डॉ. रोहित शर्मा और प्रो. डॉ. सपना राय अपने विचार साझा करेंगे।


**छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा)**
**शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.) पिन - 492001**
फोन नंबर :- 0771-4918927
Email - office.rera.cg@gov.in, website- https://rera.cgstate.gov.in/

क्रमांक : 335/रेरा/लेखा / 2026/1 रायपुर, दिनांक 10/03/2026

// सूचना //

**विषय** :- छत्तीसगढ़ भू-संपदा (विनियमन और विकास) नियम, 2017 में संशोधन बाबत् प्रस्ताव ।
विषयांतर्गत छत्तीसगढ़ भू-संपदा (विनियमन और विकास) नियम, 2017 के नियम 9 में खण्ड (1) विक्रय अनुबंध के निर्धारित 'परिशिष्ट - क ' एवं नियम - 14 में निम्नानुसार संशोधन किया जाना है-

| क्र. | पूर्व से प्रतिस्थापित | नियम में संशोधन हेतु प्रस्ताव | औचित्य |
|---|---|---|---|
| 1 | नियम- 9 में (1) **विक्रय अनुबंध** के 'परिशिष्ट - क ' में नवीन कंडिका जोड़ा जाना है। | नियम 9 में खण्ड **(1) विक्रय अनुबंध** के 'परिशिष्ट - क ' (विक्रय के लिए करार) की कंडिका-ठ के पश्चात् कंडिका-ड निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात् :- (ड) श्री / श्रीमान ....... (रेरा अभिकर्ता पंजीयन क्रमांक .....) ('अभिकर्ता' ) ने केवल आबंटी (Allottee) का प्रमोटर (Promoter ) से परिचय कराया है और इसे इस समझौते की शर्तों या छत्तीसगढ़ रेरा ( RERA ) को प्रकट की गई स्वीकृत जानकारी से परे किसी भी प्रकार का आश्वासन देने वाला नहीं माना जाएगा। एजेंट को अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत विधिवत पंजीकृत ' होना आवश्यक है, वह आवंटी से किसी भी प्रकार की राशि एकत्रित नहीं करेगा ( यहाँ सहमत दलाली / ब्रोकर कमीशन को छोड़कर) तथा कोई भी झूठा या भ्रामक वक्तव्य नहीं देगा । प्रमोटर केवल रेरा पंजीकृत एजेंट को ही संलग्न करेगा और सटीक परियोजना विवरण संचार हेतु उपलब्ध कराएगा । आबंटी एजेंट के पंजीकरण का सत्यापन करेगा और केवल लिखित रूप से किए गए खुलासों पर भरोसा करेगा। एजेंट द्वारा किसी भी प्रकार की गलत बयानी की स्थिति में, आवंटी को कानून के तहत बिना इस समझौते के अंतर्गत अधिकारों को प्रभावित किए उपाय प्राप्त करने का अधिकार होगा । | कंडिका-ड जोड़ा जाना आवश्यक है, ताकि आंबटी, प्रमोटर, अभिकर्ता के मध्य पारदर्शिता सुनिश्चित रहे, साथ ही समझौते की शर्तें रेरा अधिनियमों के अनुरूप प्रकट हो सके। अभिकर्ता द्वारा आबंटी को भ्रामक वक्तव्य कर राशि प्राप्त ना कर सके तथा आबंटी एवं प्रमोटर के मध्य सीधा राशि हस्तांतरण हो सके । |
| 2 | नियम - 14 लेखा **पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का संधारण एवं संरक्षण**- भू-संपदा अभिकर्ता, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के उपबंधों के अनुसार लेखा पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का संधारण एवं संरक्षण करेगा। | **नियम - 14 लेखा पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का संधारण एवं संरक्षण**- भू-संपदा अभिकर्ता, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43 ) के उपबंधों के अनुसार लेखा पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का संधारण एवं संरक्षण करेगा । भू-संपदा अभिकर्ता प्रतिवर्ष लेखा पुस्तकें, अभिलेखों तथा दस्तावेजों का विवरण परिशिष्ट - द (Annexure- D) में प्रेषित करेगा । | नियम में संशोधन आवश्यक है, ताकि अभिकर्ता द्वारा आबंटी / प्रमोटर से प्राप्त वित्तीय लेन-देन दलाली / ब्रोकर, कमीशन, विधि सम्मत हो, आय-व्यय की जानकारी उपलब्ध होने पर अनियमितता या धोखाधडी ना हो, अभिकर्ता एवं प्रमोटर के मध्य पारदर्शिता सुनिश्चित हो, अवैध वित्तीय लेन-देन पर नियंत्रण स्थापित हो । |

उक्त संशोधन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / फर्म / संस्था को कोई आपत्ति अथवा अभ्यावेदन प्रस्तुत करना हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपना अभिमत / आपत्ति लिखित रूप में छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों / अभ्यावेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा ।

रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ भू- संपदा विनियामक प्राधिकरण
छत्तीसगढ़, रायपुर

संवाद- 47160



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, चाईबासा**

अल्पकालीन ई०–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **WRD/MID/CHAIBASA/ SBD-04/2025-26(DMFT)**

**1.** कार्य का नाम :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | जिला | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | कासिरा पंचायत के बोंगसिदरी डोंबरोंबासा सरकारी तालाब से सेरेंगबिल सरकारी तालाब तक लघु सिंचाई नाली का निर्माण। | पश्चिमी सिंहभूम। | तांतनगर | 328.608 | 10,000.00 | 328700.00 | 11 माह |
| 2. | घोड़ाबांधा पंचायत के ग्राम–हल्दिया से हेपेरबुरू टोला पिंगुवासाई आंगनबाड़ी चौक से हेपेरबुरू पुरतीसाई तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | पश्चिमी सिंहभूम। | मझगांव | 336.064 | 10,000.00 | 336100.00 | 11 माह |
| 3. | बाईहातु पंचायत के ग्राम–बाईहातु मुख्य सड़क से बिर्लग हाट तक पी०सी०सी० एवं पुलिया निर्माण। | पश्चिमी सिंहभूम। | कुमारडुंगी | 270.996 | 10,000.00 | 271000.00 | 11 माह |
| 4. | सिन्द्रीगौरी पंचायत के ग्राम–बालान्डिया सीमा से सिन्द्रीगौरी उली पेड़ तक पक्का नहर का निर्माण। | पश्चिमी सिंहभूम। | हाटगम्हरिया | 327.434 | 10,000.00 | 327500.00 | 11 माह |

नोट :– केवल ई०–निविदा(**Online Mode**) ही स्वीकार होगा।

2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **WWW.jharkhandtenders.gov.in** पर देखें।
3. बेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 04.04.2026 के 11:00 बजे पूर्वाहन् से।
4. ई०–निविदा मं भाग लेन की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.04.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. ई०–निविदा खोलन की तिथि एवं समय :– 11.04.2026 को 05:00 बजे अपराह्न ।
6. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि सूचना प्रौद्यागिकी एवं ई–गवर्नस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची क आदश सह ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 क अनुरूप (**Online**) प्राप्त की जायेगी।
7. निविदा आमंत्रित करनेवाल पदाधिकारी का नाम, पता , दूरभाष सं0 एवं ई0मेल आई डी0– कार्यपालक अभियंता , लघु सिंचाई प्रमण्डल, चाईबासा/**9471742851** ई0मेल **&** eemidchaibasa@gmail.com, eemidchai-cemr-jhr@nic.in
8. निविदा के **B.O.Q** की राशि घट–बढ़ सकती है तदानुसार **B.O.Q** के मूल्य एवं अग्रधन की राशि मं बदलाव होगा ।
9. प्राक्कलित राशि का 10 प्रतिशत से नीचे के दर से निविदित (**Quoted rate is more than 10% below the schedule rate**) के परिपेक्ष में पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के पत्रांक 2146(**S**) दिनांक 09.09.2020 के शर्तावली के अनुसार अतिरिक्त जमानत की राशि एकरारनामा करने के समय जमा करना अनिवार्य होगा ।
10. निविदा निश्पादन **Duuble Bid Envelope** पद्धति से किया जाएगा **Technical Bid** में सफल निविदादाता का ही **Financial Bid** खोला जाएगा। उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम का पत्रांक 1679, दिनांक 23.12.2022 के आलोक में निविदा डालने के समय चाईबासा जिलान्तर्गत किसी भी प्रमण्डल/विभाग द्वारा आवंटित कार्य एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नही होने संबंधी शपथ–पत्र **Affidavit** देना होगा। निविदा के एक **NIT** में एक निबंधन पर दो से अधिक कार्य आवंटित नहीं किया जाएगा। वैसे संवेदक जो एकरारनामा में अंकित कार्य पूर्ण करने की तिथि तक योजनाओं का कार्य अधूरा रखे हुए हैं। उन्हें जिला अन्तर्गत चलने वाली किसी भी योजना में तब तक कार्य आबंटित नहीं किया जाएगा जब तक अपने पूर्व के कार्य को समाप्त न कर दं। जिला अन्तर्गत किसी भी विभाग का कार्य लम्बित होने की सूचना यदि इस कार्यालय को प्राप्त होती है तो संबंधित संवेदक को कार्य आवंटित नहीं किया जाएगा।

11- **Technical Bid** में **Qualify** करने वाल संवदकों/फर्म का ही **Financial Bid** खाला जाएगा।

12. निविदा शुल्क एवं अगधन की राशि का ई०–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अगधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी
13. निविदा खोलने के की तिथि से 5 दिनों के अन्दर निविदादाता द्वारा अपनी आपत्ति/दावा दर्ज कराये अन्यथा अवधि बीतने के पश्चात् कोई भी आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगा।
14. बिना कारण बताय किसी भी समय निविदा को रद्द करन का अधिकारी अधोहस्ताक्षरी का सुरक्षित रहेगा।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, चाईबासा

PR 374726 West Singhbhum (25-26)_D